an>

Title: Regarding setting up of crop procurement centres.

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी (चित्तौड़गढ़) : उपाध्यक्ष महोदय, किसान और कृषि हमारे देश का महत्वूर्ण भाग है। देश में पहली बार कोई प्रधानमंत्री होगा जिसने देश की जनता को विश्वास दिलाया कि पांच वर्षों में किसानों की आमदनी को दोगुना कर देंगे। इस दिशा में अनेक कदम उठाए गए हैं, इसके लिए किसानों को मुआवजा भी दिया और कई प्रकार की योजना देश के किसानों के लिए समर्पित की है। किसान जैसे तैसे फसल को तैयार करता है और मिट्टी में से सोना उगाने की ताकत रखता है। सरकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस के माध्यम से फसल को खरीदती है। गांव में ग्राम सहकारी समिति होती है जिसके माध्यम से किसानों को ज्यादा से ज्यादा खरीद किए जाएं ताकि किसानों को जब जरूरत हो तब अपनी फसल को बेच सकता है और वहां से उसको भुगतान मिल सकता है। नरेगा के अंदर किसानों को मेड़बंदी का प्रावधान सरकार ने किया है। मेड़बंदी, वर्मी कम्पोस्ट, तालाब जैसे काम हो रहा है। मेड़बंदी के अलावा ताड़बंदी का अनुदान नरेगा योजना के माध्यम से दिया जाए ताकि किसान अपनी फसल को सुरक्षित रख सके।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Shri Gajendra Singh Shekhawat,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Chandra Prakash Joshi.